नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# निर्विरोध चुने गए 14 उम्मीदवार

**10 भाजपा और 4 कांग्रेस के उम्मीदवार हैं शामिल**

**नई दिल्ली, 11 जून. राज्यसभा की खाली सीटों के लिए आगामी 18 जून को कई राज्यों में मतदान होगा, जिसमें आंध्र प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर के कई राज्य शामिल हैं.**

कुल 244 सदस्यीय राज्यसभा में मौजूदा समय में एनडीए के पास 149 सांसद, विपक्ष के पास 78 और क्षेत्रीय दलों के पास 17 सांसद हैं. राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया के तहत गुरुवार को 14 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए. इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस के उम्मीदवार शामिल है किसी भी सीट पर मुकाबला नहीं होने के कारण सभी उम्मीदवार बिना मतदान के ही चुने गए. कर्नाटक से कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा निर्विरोध राज्यसभा पहुंचे. राजस्थान में भाजपा के सतीश पूनिया और अलका गुर्जर तथा कांग्रेस के नीरज डांगी को भी बिना मुकाबले जीत मिली. गुजरात में भाजपा ने सभी चार सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि मध्य प्रदेश की तीनों सीटों पर भी पार्टी के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए. मध्य प्रदेश की एक सीट को लेकर कांग्रेस की ओर से मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन उनका नामांकन रद्द हो गया था. इस फैसले को चुनौती देते हुए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया है. राज्यसभा की 18 जून को होने वाली मतदान प्रक्रिया में आंध्र प्रदेश की 4, झारखंड की 2 तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर चुनाव होगा.

## मध्यप्रदेश से भाजपा के तीन उम्मीदवार निर्विरोध



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 जून.** राज्यसभा की तीनों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं. गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापसी का समय तय था. ये समय बीतने के बाद तीनों उम्मीदवारों क्रमश: तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट को रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने राज्यसभा चुनाव में निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा. इसी के साथ प्रदेश से राज्यसभा की खाली हो रही तीन सीटों के लिए नए राज्यसभा सदस्य तय हो गए. इधर कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद चुनाव आयोग से भी कोई राहत नहीं मिली. आयोग ने इस मामले में दोपहर तक कोई पक्ष नहीं रखा. ऐसे में माना जा रहा है कि प्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नामांकन निरस्त करने के निर्णय को चुनाव आयोग ने भी बरकरार रखा है.

चुनाव आयोग इस मामले में हस्तक्षेप करता तो इस संबंध में अपरान्ह 3 बजे से पहले अपना पक्ष जरुर रखता, लेकिन चुनाव आयोग ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं दिया.

**प्रमुख तथ्य** : कुल 14 उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए. इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस उम्मीदवार शामिल हैं. गुजरात की 4 और मध्य प्रदेश की 3 सीटों पर भाजपा का कब्जा. कर्नाटक से मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा निर्विरोध चुने गए. **राज्यसभा में वर्तमान स्थिति** : एनडीए 149, विपक्ष 78, अन्य 17 सांसद.

# एमएसएमई को मिलेगा वैश्विक बाजार का बड़ा अवसर

**नई दिल्ली, 11 जून. भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा हुए हैं.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कहा कि ये समझौते देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी बड़े अवसर लेकर आए हैं और उन्हें वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करेंगे.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा करने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं. ये समझौते हमारे एमएसएमई के लिए भी एक बड़ा अवसर हैं, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने और अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के माध्यम से वैश्विक बाजारों के लिए तैयार होने में मदद करते हैं. नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते एक वर्ष के दौरान भारत ने यूनाइटेड किंगडम, यूरोपीय संघ, ओमान और न्यूजीलैंड समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं.

> नीति आयोग की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास 'विकसित भारत' के विजन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है. उन्होंने कहा कि खेती, स्टार्टअप, विज्ञान और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति महत्वपूर्ण योगदान दे रही है. राज्यों को महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देकर उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करना चाहिए.

# महिला टी-20 विश्वकप आज से



**एजबेस्टन (इंग्लैंड), 11 जून. महिला क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप शुक्रवार से इंग्लैंड की धरती पर शुरू हो रहा है और इसके साथ ही भारतीय महिला टीम के सामने इतिहास रचने का सुनहरा अवसर भी होगा.**

नौ बार आयोजित इस टूर्नामेंट में अब तक खिताब का स्वाद नहीं चख सकी टीम इंडिया पहली बार ट्रॉफी जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी. हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम को इस बार खिताब का मजबूत दावेदार माना जा रहा है और करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की निगाहें उसी पर टिकी हैं. एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के मुकाबले के साथ शुरू हो रहे इस वैश्विक आयोजन में रिकॉर्ड 12 टीमें हिस्सा लेंगी.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में कृषिमंत्रियों एवं विदेशी अतिथियों का स्वागत किया। साथ में हैं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

# फीफा वर्ल्ड कप का आगाज

**05 अरब से ज्यादा दर्शक इस महाउत्सव से जुड़ेंगे**

**नई दिल्ली, 11 जून. दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का सबसे बड़ा उत्सव गुरुवार देर रात से शुरू हो गया है. फीफा वर्ल्ड कप 2026 के साथ फुटबॉल एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जिसे खेल इतिहास का सबसे विशाल विश्व कप कहा जा रहा है.**

मेक्सिको में उद्घाटन मुकाबले के साथ शुरू होने वाला यह टूर्नामेंट 39 दिनों तक चलेगा, जिसमें रिकॉर्ड 104 मैच खेले जाएंगे. अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस आयोजन का केंद्र अमेरिका रहेगा, जहां 16 मेजबान शहरों में फुटबॉल का जुनून चरम पर दिखाई देगा. इस बार विश्व कप कई मायनों में ऐतिहासिक है. अनुमान है कि 170 से अधिक देशों में इसका सीधा प्रसारण होगा और 5 अरब से ज्यादा दर्शक इस महाउत्सव से जुड़ेंगे. पहली बार 48 टीमें खिताब की दौड़ में उतरेंगी. इससे पहले तक टूर्नामेंट में 32 या 36 टीमों का प्रारूप रहा था, लेकिन अब फीफा ने इसे और व्यापक बनाते हुए दुनिया के अधिक देशों को मौका दिया है. अमेरिका 1994 के बाद दूसरी बार विश्व कप की मेजबानी कर रहा है. आयोजन की सुरक्षा को लेकर भी अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं. रिपोर्टों के अनुसार सुरक्षा और प्रबंधन पर 8,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं.

# ईरान पर ट्रंप की आपात बैठक

**वॉशिंगटन, 11 जून. अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में अपने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों और सैन्य सलाहकारों के साथ एक महत्वपूर्ण आपात बैठक की.**

लगभग दो घंटे तक चली इस बैठक में ईरान के साथ संभावित शांति समझौते, परमाणु गतिविधियों और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर विस्तार से चर्चा की गई.



बैठक के बाद किसी प्रकार की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई और न ही राष्ट्रपति ट्रंप ने कोई अंतिम निर्णय सार्वजनिक किया. व्हाइट हाउस के अनुसार अमेरिका किसी भी संभावित समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब वह देश की सुरक्षा और रणनीतिक हितों के अनुरूप होगा.

# मीनाक्षी की याचिका पर सुको में आज सुनवाई

**नई दिल्ली, 11 जून. उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस रिट याचिका पर शुक्रवार को सुनवायी करने पर सहमति दे दी, जिसमें मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन खारिज किए जाने को चुनौती दी गयी है.**

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा मामले पर तत्काल सुनवायी का अनुरोध किए जाने के



बाद न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ए एस चांदुरकर की पीठ इस मामले को शुक्रवार को सुनवायी के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गयी. श्री सिंघवी ने अनुरोध किया कि इस याचिका पर गुरुवार या शुक्रवार को विचार किया जाए क्योंकि गुरुवार नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था. साथ ही, उन्होंने अदालत से परिणामों की घोषणा पर रोक लगाने का एक अंतरिम आदेश पारित करने का भी आग्रह किया. सुश्री नटराजन की ओर से पेश हुए श्री सिंघवी ने दलील दी कि उनका नामांकन इस आधार पर खारिज किया गया है कि वह कथित तौर पर एक आपराधिक मामले का खुलासा करने में विफल रहीं.




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | Flipkart | amazon.in

*नियम और शर्तें लागू. चुनिंदा मॉडलों पर 1 जून से 30 जून 2026 तक छूट उपलब्ध है. लागू ऑफर मॉडल/राज्यों के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. ई-कॉमर्स ऑफर संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. उल्लिखित ESRP बेस वेरिएंट के हैं. ऑफर के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने नजदीकी डीलरशिप पर जाएं. पल्सर 125 नियॉन पर ₹2 500/- की छूट.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Annapurna Road,** MANGALAM BAJAJ 7611115001• **Airport Road** MANGALAM BAJAJ 7611113222, • **Bengali Square** MANGALAM BAJAJ 9752522777, • **Sapna Sangeeta Road** SOJATIA BAJAJ 9827808050, **Vijay Nagar** SOJATIA BAJAJ 8357064113 • **LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan** BHAGIRATH BAJAJ **8878860777 Marimata** Bhagirath Bajaj **8871263636 Dewas** MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • **Dhar** RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • **Kukshi Rajpurohit Bajaj 8085549916 • Dhamnod Rajpurohit bajaj 9981133916 Petlawad Rajpurohit Bajaj** 9039750916• **Jhabua** CHHAJED BAJAJ 9098930166 • **Mhow** BIYANI BAJAJ 07440444425, **Rau** BIYANI BAJAJ 8602344425, **Pithampur Biyani Bajaj 7566777725, Ratlam – Central BAJAJ** – 07412-356838 , 9039001891 • **Shujalpur** – Nema BAJAJ **9009151539,7049733995,** 07360-242292 • **Ujjain: Agar Road – Bhagirath Bajaj 8871455990, Dewas Road** – Mainashree Bajaj 9893625022.